## खबर संक्षेप



### ब्लैक स्पाट पर लोगों को दिया गया प्रशिक्षण

**कटनी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जिले के अतंर्गत आने वाले ब्लैक स्पॉट्स पर वहां आसपास रहने वाले लोगों तथा दुकानदारों को सीआरपी एवं बीएलएस का प्रशिक्षण आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन में पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में यातायात प्रभारी राहुल पाण्डेय द्वारा झिंझरी नाका ब्लैक स्पॉट पर CPR/BLS प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण डॉक्टर राजेंद्र गुप्ता ओम शांति अस्पताल नई बस्ती कटनी द्वारा दिया गया । प्रशिक्षण में थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे एवं थाना माधवनगर स्टाफ,चौकी प्रभारी झिंझरी राजेंद्र दुबे एवं चौकी स्टाफ, प्लाटून कमांडर विजयांश चौधरी एवं SDERF की टीम साथ ही यातायात का स्टाफ एवं स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण दिया गया । लगभग 50-60 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया । थाना प्रभारी यातायात द्वारा बताया गया शेष ब्लैक स्पॉटों में भी शीघ्र प्रशिक्षण कराया जाएगा।

### जिले की सभी पंचायतों में होगी अटल ई- सेवा केंद्रों की स्थापना

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में अटल ई-सेवा केंद्र (कॉमन सर्विस सेंटर, CSC) की स्थापना की जाएगी। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सुचारू संचालन एवं आवश्यक व्यवस्था हेतु पत्र लिखकर निर्देशित किया है। सुश्री कौर द्वारा जारी पत्र के मुताबिक अटल ई-सेवा केंद्र के सुचारू संचालन हेतु संबंधित ग्राम पंचायत के पंचायत भवन, ई पंचायत कक्ष अथवा अन्य शासकीय भवन में ग्राम पंचायत द्वारा स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। अनुबंध और तय शर्तों के तहत आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। सुश्री कौर ने बताया कि अटल ई- सेवा केंद्र (सीएससी) के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर केंद्र संचालन हेतु ई गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड से अधिकृत वीएलई द्वारा शासन द्वारा निर्धारित दरों पर गवर्नमेंट तो सिटिजन सर्विसेज, गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट, बिजनेस टू कंज्यूमर और बिजनेस टू बिजनेस इत्यादि सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। अटल ई-सेवा केंद्र के संचालन से ग्राम पंचायत कार्यालय समय पर खुलना सुनिश्चित होंगे तथा ग्रामीण जनों के आवश्यक कार्य ग्राम पंचायत स्तर पर ही संपन्न हो सकेंगे।

### प्राण प्रतिष्ठा कल

**सिलौंडी।** सिलौंडी के प्रसिद्ध श्री राम मंदिर के नवीन मंदिर में भगवान श्री राम जानकी जी की प्राण प्रतिष्ठा कल 21 नवंबर को सुबह 10 बजे से होगी। देश के प्रसिद्ध साधु संत के पावन सानिध्य में आयोजन होगा ।

## ढीमरखेड़ा जनपद क्षेत्र का मामला, राशि जमा नहीं कराने पर सचिवों की वित्तीय शक्तियां समाप्त करने एवं कार्यवाही की चेतावनी

# 21 पंचायतों में सोलर लाइट खरीदी में 43 लाख से अधिक की हुई घपलेबाजी, तीन दिन में राशि जमा कराने जारी किया गया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा




जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा क्षेत्र की अनेको ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट की स्थापना एवं भुगतान प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जिला पंचायत से प्राप्त सूची के अनुसार कई पंचायतों में सोलर लाइट मद से प्राप्त राशि का दुरुपयोग, अनियमित भुगतान एवं अपूर्ण कार्य के बावजूद राशि का आहरण पाए जाने पर जिला प्रशासन ने कठोर कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। संबंधित पंचायत सचिवों को आदेशित किया गया है कि वे बिना किसी विलंब के तीन दिवस के भीतर पूरी वसूली राशि जमा करें, अन्यथा उनके विरुद्ध वित्तीय शक्तियाँ समाप्त करते हुए आगे जेल की कार्यवाही की जाएगी।

### जांच में खुली परतें

जिला पंचायत की जांच रिपोर्ट में पाया गया कि कई ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट खरीदी के नाम पर भारी राशि का भुगतान किया गया, जबकि वास्तविक कार्य अधूरा या नगण्य पाया गया। कई पंचायतों में तो लाइटें लगाई ही नहीं गईं, फिर भी राशि खर्च दिखा दी गई। इसी आधार पर जिला पंचायत ने संबंधित सचिवों एवं तत्कालीन सरपंचों को नोटिस जारी किया है, जिनमें बड़ी-बड़ी राशि की वसूली की जा रही है। जिला पंचायत से प्राप्त सूची के अनुसार ग्राम पंचायतों में अनियमितताओं के कारण वसूली की राशि निर्धारित की गई है

### 3 दिन में राशि जमा करें, नहीं तो वित्तीय शक्तियाँ होंगी समाप्त

जिला पंचायत की ओर से जारी नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि सचिव अपने-अपने सरपंचों सहित कुल वसूली राशि 3 दिवस के भीतर जमा करें। समय सीमा बढ़ाने या कोई बहाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। राशि जमा नहीं करने पर संबंधित सचिवों की वित्तीय शक्तियाँ तत्काल समाप्त कर दी जाएंगी। इसके पश्चात उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने तक की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि पंचायत निधि के दुरुपयोग पर किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सार्वजनिक धन की एक-एक पाई का हिसाब देना आवश्यक है।

सूत्रों के अनुसार यह जांच केवल प्रारंभिक चरण है। कई अन्य पंचायतों में भी सोलर लाइट, पानी की टंकी, सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों को लेकर शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्रशासन इसका दायरा बढ़ा सकता है। यदि कार्यों का सत्यापन किया गया और अनियमितताएँ पाई गईं, तो आगे भी कई सचिव व सरपंचों के विरुद्ध ऐसी ही वसूली और कानूनी कार्रवाई संभव है। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की अनेको ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट परियोजना के नाम पर हुई अनियमितताएँ अब बड़े घोटाले का रूप लेती दिख रही हैं।

### इन पंचायतों को राशि जमा कराने के लिए जारी किया गया है नोटिस

| | | |
|---|---|---|
| ग्राम पंचायत बिचुआ | 1,32,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच रोशनी बाई, सचिव भारत सिंह |
| ग्राम पंचायत अतरिया | 99,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच सुशील सिंह, सचिव सोने सिंह |
| ग्राम पंचायत पोड़ी कला बी | 3,30,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच लक्ष्मण कोल, सचिव रमेश पटेल |
| ग्राम पंचायत मंगेली | 3,68,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच सुनीता पटेल, सचिव गोपाल सिंह |
| ग्रा0 पं0 पिपरिया सहलावन | 1,65,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच ममता यादव, सचिव शैलेन्द्र परौहा, |
| ग्राम पंचायत पहरूआ | 1,98,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच ज्ञान बाई, सचिव शारदा राठौर, |
| ग्राम पंचायत मुरवारी | 3,30,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच सविता, सचिव उमेश पाण्डेय, |
| ग्राम पंचायत ढीमरखेड़ा | 2,31,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच राजकुमारी, सचिव राजेश पटेल |
| ग्राम पंचायत बम्हनी | 3,82,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच राजाराम काछी, सचिव सुरेश काछी |
| ग्राम पंचायत महगवां दैगवां | 2,10,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच जयंती बाई, सचिव रामचंद्र यादव |
| ग्राम पंचायत सिलौड़ी | 1,65,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच भारती रॉय, सचिव मथुरा तिवारी |
| ग्राम पंचायत कोठी | 1,40,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच कोया ठाकुर, सचिव काशीराम मरावी |
| ग्राम पंचायत बरेली रामपुर | 1,32,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच चम्पा बाई सोनी, सचिव सुशील बर्मन |
| ग्राम पंचायत सगौना | 1,75,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच दीया ठाकुर, सचिव मनीषा महोबिया |
| ग्राम पंचायत लालपुर | 1,98,000 रूपए | |
| ग्राम पंचायत पिपरिया शुक्ल | 1,65,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच फागू लाल पटेल, सचिव जितेंद्र पटेल |
| ग्राम पंचायत खाम्हा | 33,000 रूपए | तत्कालीन सरपंच लीला बाई, सचिव महेन्द्र सिंह ठाकुर |
| ग्राम पंचायत घुघरा, | 99,000 रूपए | |
| ग्राम पंचायत पचपेढ़ी | 1,65,000 रूपए | |
| ग्राम पंचायत इमलिया | 66,000 रूपए | |
| ग्राम पंचायत पोड़ी खुर्द | 2,10,000 रूपए | |

**इन सभी पंचायतों के सचिवों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय सीमा में राशि जमा कर कार्रवाई से बचें।**

**समय सीमा में राशि जमा नहीं कराने पर होगी कार्यवाही**

इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ढीमरखेड़ा यजुवेन्द्र कोरी का कहना है कि जिन पंचायतों को नोटिस जारी किया गया है यदि वे समय पर राशि जमा नहीं कराते तो जिला स्तर से संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# बस पकड़कर फरार होने की फिराक में था रेपिस्ट, पुलिस ने धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बिलहरी चौकी पुलिस ने बलात्कार और पाक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में आरोपी को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह ग्राम बरखेड़ा से कनकी रोड के बीच बस पकड़कर फरार होने की कोशिश कर रहा था।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसया और थाना कुठला प्रभारी राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में चौकी बिलहरी प्रभारी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय को सूचना प्राप्त हुई कि अपराध क्रमांक 511/25 में दर्ज आरोपी इलाके से भागने की तैयारी में है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके की ओर रवाना हुई। पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने घेराबंदी करते हुए उसे पकड़ लिया और मौके से गिरफ्तार कर लिया।आरोपी पर धारा 137(2), 64(1), 64(2)(m), 351 BNS समेत पाक्सो एक्ट की धाराएँ 3, 4, 5(1) और 16 के तहत मामला दर्ज है। आरोपित लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बचने की कोशिश कर रहा था। गिरफ्तारी के बाद उससे संबंधित कानूनी कार्यवाही तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, बिलहरी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक संतोष चक्रवर्ती, आरक्षक लव कुमार उपाध्याय, आरक्षक दिलकेश्वर और सौरभ जैन का योगदान रहा।

### आदतन अपराधी को 6 माह तक थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने गैरतलाई थाना बरही निवासी अतुल कुमार द्विवेदी पिता स्व. केशव प्रसाद द्विवेदी उम्र 53 वर्ष के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए आगामी 6 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 15 तारीख को पुलिस थाना बरही में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। अतुल द्विवेदी के विरूद्ध थाना बरही में 5 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें साथियों के साथ मिलकर गाली-गलौज करना, मारपीट करना एवं जान से मारने की धमकी देना जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा अतुल द्विवेदी के विरूद्ध समय-समय पर अब तक 7 बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। अतुल द्विवेदी द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी ने आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने कार्रवाई की है।

## सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने चलाया अभियान



राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा एनएच-30 चाका बाइपास पर बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आमजन को सड़क दुर्घटना की स्थिति में घटना एवं दुर्घटना प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया, CPR तकनीक तथा अन्य सुरक्षा उपायों संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।रात्रिकालीन सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से हाईवे पर आवारा मवेशियों को रिफ्लेक्टिव कॉलर बेल्ट पहनाए गए, जिससे वाहन चालक दूर से ही उन्हें पहचान सकें। इसके अलावा मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट वितरित कर उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में PIU कटनी के स्टाफ मैनेजर, हेमंत गौतम, कॉरिडोर मैनेजर कुंदन गौतम, CRO मनीष पांडेय, सेफ्टी डिप्टी मैनेजर सौरव, रूट पेट्रोलिंग ऑफिसर अजीत झा, पंकज, आदर्श त्रिपाठी सहित टीआई कटनी राहुल पांडेय, टीआई कुठला तथा पुलिस बल की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# बदमाशों ने पुलिस वाहन सहित 3 कारों को फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कैमोर थाना क्षेत्र के तिलक चौक में मंगलवार देर रात आपराधिक तत्वों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए आधा दर्जन से अधिक वाहनों को आग के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि वाहनों में आग लगाने के लिए पेट्रोल का उपयोग किया गया, जिसके चलते देखते ही देखते कई दोपहिया और चारपहिया वाहन जलकर राख हो गए। आगजनी में विजयराघवगढ़ पुलिस थाने का एक वाहन, जो मरम्मत एवं पेंटिंग के लिए मिस्त्री की दुकान पर खड़ा था, पूरी तरह नष्ट हो गया। इसके अलावा तिलक चौक निवासी अधिवक्ता संजय जयसवाल की कार भी जलकर खाक हो गई। अन्य वाहन मालिकों की पहचान की जा रही है।

घटना से क्षेत्र में दहशत और चर्चा का माहौल है। कुछ दिन पहले ही भाटिया मोहल्ला क्षेत्र में भी इसी तरह एक चारपहिया वाहन को अज्ञात व्यक्ति ने आग के हवाले कर दिया था, जिसकी शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा मामला दर्ज न किए जाने को लेकर लोगों में नाराजगी थी। बीती रात हुए इस बड़े घटनाक्रम के बाद यह साफ हो रहा है कि अपराधियों के हौसले बेखौफ हैं। घटना की सूचना मिलते ही कैमोर और विजयराघवगढ़ के थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारियों को भी घटनाक्रम से अवगत करा दिया गया है।

कैमोर पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। साथ ही आस-पास के पेट्रोल पंपों के कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगजनी के पीछे शामिल बदमाशों की तलाश तेज कर दी गई है।

**यूथ कांग्रेस एवं आदिवासी संगठनों के द्वारा किया गया प्रदर्शन**

# आदिवासी जमीन घोटाले को लेकर किया कलेक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आदिवासी जमीन घोटाला मामले के लेकर बुधवार को शिकायतकर्ता दिव्यांशू मिश्रा अंशु के नेतृत्व में यूथ कांग्रेस, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी सहित कई आदिवासी संगठनों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर ज्ञापन सौंपकर मामले में शीघ्र, निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई मांग की। दिव्यांशु मिश्रा ने बताया कि जिन आदिवासियों के नाम पर हजारों एकड़ ये चारों आदिवासी विधायक संजय पाठक के कर्मचारी हैं और शिकायत होने के बाद से ही वे अपने घर से लापता हैं। उन्होंने कटनी एसपी को लिखित शिकायत देते हुए उनकी जान को खतरा बताया था, लेकिन आज तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

आरोप है कि विधायक पाठक ने अपने चार आदिवासी कर्मचारियों नत्थू कोल, प्रहलाद कोल, राकेश सिंह गौड़ और रघुराज सिंह गौड़ को मोहरा बनाकर डिंडोरी, जबलपुर, उमरिया, कटनी व सिवनी में लगभग 1135 एकड़ आदिवासी बैगा समाज की जमीन फर्जीवाड़े से खरीदी। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 29 सितंबर 2025 को कलेक्टर को तथा 09 जून 2025 को पुलिस अधीक्षक को विस्तृत दस्तावेजों सहित शिकायत प्रस्तुत की गई थी। ज्ञापन के अनुसार, शिकायत के पांच माह बीत जाने के बावजूद चारों आदिवासियों के बयान तक दर्ज नहीं किए गए हैं।

पिछले 25 वर्षों के बैंक खातों के वित्तीय लेन-देन का रिकॉर्ड भी न जांच अधिकारी ने मांगा, न प्रशासन ने संकलित किया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि चारों आदिवासी कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, उनके कथन तत्काल दर्ज किए जाएं तथा बैंक खातों की जांच करके इस कथित जमीन घोटाले के आर्थिक तारों को सामने लाया जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदर्शन उग्र हो गया। प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट भवन के भीतर प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे, जिसे बड़ी संख्या में तैनात पुलिस बल ने रोक दिया। कुछ देर अफरा-तफरी बनी रही, हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

## आधार पंजीयन व अपडेशन कार्य निर्धारित शुल्क अनुसार होगा

# आधार अपडेशन हेतु 22 ग्राम पंचायतों में लगेंगे आधार शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जिले के विद्यार्थियों एवं नागरिकों के आधार अपडेट किए जाने हेतु जिले की चिन्हित ग्राम पंचायतों में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आधार कैंप आयोजित किए जाएगें। शिविर कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। साथ ही संबंधित आधार केंद्र संचालकों को नियत तिथि में प्रातः 11 बजे से शासकीय आधार मशीन एवं अन्य उपकरणों के साथ शिविर स्थल में उपस्थित होकर कैंप मोड में शिविर आयोजित सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये हैं।

जारी आदेश में कहा है कि संबंधित विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विकास खण्ड श्रोत समन्यवयक स्कूलों में आवश्यक प्रचार-प्रसार कराते हुए बच्चों को समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित कैंप में उपस्थित कराएंगे, संबंधित कार्यालय प्रमुख शिविर में कुर्सी-टेबल, बिजली, बैठक व्यवस्था, पेयजल एवं टोकन प्रणाली की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे एवं आधार केंद्र संचालक को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। आधार शिविरों में विभिन्न योजनाओं अंतर्गत आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अद्यतन न होने के कारण ई-केवाईसी से वंचित आवेदको का भी आधार अद्यतन कराया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी संबंधित रोजगार सहायक, सचिव, पटवारी को दी गई है। आधार पंजीयन व अपडेशन कार्य यूआईडीएआई द्वारा निर्धारित शुल्क अनुसार किया जायेगा।

### इन पंचायतों मे लगेंगे कैंप

जारी शिविर कार्यक्रम के अनुसार विकासखंड रीठी के अंतर्गत ग्राम पंचायत रीठी के बीआरसी ऑफिस में 20 नवंबर से 29 नवंबर तक, ग्राम पंचायत बड़गांव में 1 दिसंबर से 11 दिसंबर तक, ग्राम पंचायत बिलहरी में 12 दिसंबर से 24 दिसंबर तक आधार कैम्प लगाया जायेगा। इसी प्रकार विकासखंड बहोरीबंद की ग्राम पंचायत बाकल के यात्री प्रतीक्षालय भवन में 20 नवंबर से 29 नवंबर तक, ग्राम पंचायत तेवरी के सामुदायिक भवन में 1 दिसंबर से 11 दिसंबर तक, ग्राम पंचायत बचैया में 12 दिसंबर से 24 दिसंबर तक और ग्राम पंचायत कुड़िया 26 दिसंबर से 6 जनवरी तक आधार शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत उमरियापान के उप तहसील कार्यालय में 20 नवंबर से 29 नवंबर तक, ग्राम पंचायत पहरूआ में 1 दिसंबर से 11 दिसंबर तक और ग्राम पंचायत सिलौड़ी के उप तहसील कार्यालय में 12 दिसंबर से 24 दिसंबर तक आधार शिविर का आयोजन किया जायेगा। जबकि विकासखंड विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत गैरतलाई में 20 नवंबर से 29 नवंबर तक, ग्राम पंचायत सिन्गौड़ी में 1 दिसंबर से 11 दिसंबर तक, ग्राम पंचायत कारीतलाई में 12 दिसंबर से 23 दिसंबर तक ग्राम पंचायत भैंसवाही में 15 दिसंबर से 22 दिसंबर तक आधार शिविर आयोजित होंगे। वहीं विकासखंड कटनी की ग्राम पंचायत कैलवारा कलां में 20 नवंबर से 29 नवंबर तक, ग्राम पंचायत पहाड़ी के पुराने भवन में 1 दिसंबर से 11 दिसंबर तक और ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया में 12 दिसंबर से 23 दिसंबर तक आधार शिविर लगाये जायेंगे। इसके अलावा विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत कन्हवारा में 15 दिसंबर से 22 दिसंबर तक, ग्राम पंचायत विलायतकलां में 20 नवंबर से 29 नवंबर तक ग्राम पंचायत भजिया में 1 दिसंबर से 11 दिसंबर तक, ग्राम पंचायत पिपरिया कलां में 12 दिसंबर से 23 दिसंबर तक और ग्राम पंचायत खितौली में 15 दिसंबर से 22 दिसंबर तक आधार शिविर का आयोजन किया जायेगा।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### दादी की बातों से नाराज नाती ने डंडे से कर दी हत्या

**उमरियापान।** दादी की समझाइश से नाराज नाती ने उन पर हमला कर उनकी हत्या कर दी। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। घटना उमरियापान थाना क्षेत्र के परसवारा गांव की है।पुलिस ने आरोपी नाती के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि उमरियापान थाना क्षेत्र के परसवारा निवासी इमरती बाई पटेल (80)बुजुर्ग अवस्था में घर पर ही रहती थीं। मंगलवार सुबह करीब 11बजे अपने नाती दीपक पिता नत्थू पटेल (32) को घर के कामों में हाथ बंटाने और जिम्मेदारियां निभाने की समझाइश दी। दादी की यह बातें दीपक को नागवार गुजरीं और गुस्से में उसने घर में रखे लकड़ी के डंडे से उन पर हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही उमरियापान पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम करवाया।बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया।पुलिस ने आरोपी नाती के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की विवेचना जारी है।

### शीत लहर से राहत दिलाने अलाव एवं रैन बसेरा सुविधा

**कटनी।** नगर में बढ़ती शीत लहर के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को ठंड से राहत प्रदान करने हेतु अलाव व्यवस्था सहित बस स्टेंड स्थित रैन बसेरा की व्यवस्था को सुदृढ़ और सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी तथा निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार निगम की फील्ड टीमें शहर के भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे मुख्य मार्ग, प्रमुख चौराहे, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार क्षेत्र तथा रात्रिकालीन यातायात वाले हिस्सों में अलाव हेंतु जलाऊ लकड़ियों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं। वहीं शीत लहर से बचाव हेतु रैन बसेरा पहुंचनें वाले जरूरतमंद नागरिकों को भी रात्रि गुजर हेतु गर्म कपडों सहित पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई है। निगम कर्मियों द्वारा अलाव स्थलों का नियमित निरीक्षण कर यह देखा जा रहा है कि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, कमजोर वर्ग के लोगों जैसे मजदूर, रिक्शा एवं ऑटो चालकों, रात में कार्यरत कर्मचारियों तथा राहगीरों को प्राथमिकता देते हुए अलाव की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के प्रयास किये जा रहे है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अत्यधिक ठंड के समय निर्धारित अलाव स्थलों सहित बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा की निशुल्क सुविधा का उपयोग कर शीत लहर से स्वयं को सुरक्षित रखें, वर्तमान में अलाव हेतु अतिरिक्त स्थलों का चयन किया जाकर अलाव के प्वाइंटों को बढ़ाने की प्रक्रिया जारी है।

### डोर-टू-डोर कचरे के संग्रहण, फागिंग मशीन से छोड़ा धुंआ



**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन तथा निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार की मॉनिटरिंग में निर्धारित मानदंडों के अनुरूप नगर की सफाई व्यवस्था एवं सुंदरता को दृष्टिगत रखते हुए रोजाना दो पालियों सहित रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से प्रयास किये जा रहे है। वहीं कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से डोर-टू-डोर कचरे के संग्रहण का कार्य भी किया जाकर नागरिकों से कचरा संग्रहण वाहन में कचरा देने की अपील की जा रही है। वर्तमान बदलते मौसम को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों की सुविधा हेतु फॉगिंग का कार्य भी किया जा रहा है। जिसके तहत फागिंग मशीन से रासायनिक धुआं किया जाकर मच्छरों से निजात दिलाने के प्रयास किये जा रहे है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस निगम के स्वास्थ्य विभाग के दल द्वारा उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर की विभिन्न गलियों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुआं छोड़ा जाकर मच्छरों से निजात दिलाने के प्रयास किये गए।

---

उमरियापान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पचपेढ़ी में चोरों ने दिखाई करतूत

# हौसले बुलंद: कुंदा काटकर घर में घुसे चोर और लाखों के जेवरात एवं नकदी किये पार

ठंड का मौसम चोरो के लिए सुनहरा मौका बन गया है। ठंड से बचने जहां लोग बिस्तरों में दुबक जाते हैं वहीं चोर रतजगा कर वारदातों को अंजाम देने निकल पड़ते हैं। सूने मकान तो चोरो को निशाने में रहते ही हैं मौका मिला और हाथ साफ किया





हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान थाना अंतर्गत मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात को अज्ञात बदमाशों ने ग्राम पचपेढ़ी सड़क के किनारे स्थित एक सूने घर को निशाना बनाया। योजना बनाकर बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। बदमाश पहले तो पक्के मकान की दीवार चढ़कर अंदर हुए। मुख्य गेट पर लगे लोहे के गेट का कुंदा काटा और घर के अंदर घुसे। सूने घर में योजना के तहत अलग अलग कमरों के दरवाजों के कुंदा काटे और घर में आलमारी और पेटी में रखें सोने चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। सुबह ग्रामीणों ने दरवाजा खुला देखा तो घटना की जानकारी मकान मालिक को दी। मकान मालिक घर पहुँचे तो कमरों में सामान बिखरा था। दरवाजों के कूंदें कटे थे, ताला गायब था। परिवार के लोग रोने बिखलने लगे। पुलिस को चोरी होने की सूचना दी। जानकारी मिलने पर उमरियापान पुलिस मौके पर पहुँची मौके मुआयना कर वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। मौके पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम जांच पड़ताल करती रही। स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी भी घटना स्थल पर पहुँचकर मौका मुआयना किया।

निजी बैंक कर्मचारी अरविंद पिता रामाधार चौबे ने बताया कि पचपेढ़ी स्थित पुस्तैनी घर में बीते चार पांच दिनों से घर में कोई नहीं था। दोनों भाइयों और पिता के तीन अलग-अलग कमरों में आलमारी के भीतर रखे 15 से 20 लाख रुपये के सोने- चांदी के जेवरात और नगदी करीब 16 हजार रुपये चोरों ने पार कर दिया। घर में पूरे डिब्बे खाली मिले और सामान बिखरा पड़ा रहा।

उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

---



## काम्बिंग गश्त में वारंटियों को पकड़ा, गुण्डा व बदमाशों को किया गया चैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं समस्त एसडीओपी के मार्गदर्शन में कटनी पुलिस ने एक विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य अपराधियों व वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब बिक्री पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

कांबिंग गश्त अभियान के दौरान न्यायालय द्वारा जारी कुल 40 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किये गए। विभिन्न प्रकरणों में 104 वारंटी गिरफ्तार किया गया। अपराधियों के घर जाकर कुल 54 गुंडा चेक किये गये। अचानक दबिश देकर 61 निगरानी बदमाशों के घरों की जांच की गई।

इसी तरह अवैध शराब व सार्वजनिक स्थान में शराब का सेवन करने के 23 आबकारी प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना में लिए गए।

### नशे में वाहन चलाते 16 मिले

गश्त के दौरान 58 जमानती वारंट तामील किए गए। 50 समंस कार्यवाही में लाए गए। सड़क सुरक्षा पर विशेष कार्रवाईरात्रि वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 16 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कड़ी कार्रवाई।

अभियान के दौरान जुआ खेलते पाए गए 2 व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। इसी तरह धारा 170 बीएनएसएस के तहत परिशांति भंग करने पर 2 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वही धारा 126,135 बीएनएसएस परिशांति बनाए रखने हेतु 90 व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। धारा 129 बीएनएसएस के तहत 35 व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

---



## काबिंग गश्त में वारंटियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी बहोरीबंद अखलेश दाहिया के द्वारा पुलिस टीम के साथ मंगलवार की दरमियानी रात काम्बिंग गश्त की। काबिंग गश्त के दौरान फरार वारंटियो की धरपकड़ की गई। वारंटी कंछेदी पिता सुखदेव झारिया 53 साल, मंगल झारिया पिता रामकिशन झारिया 53 साल , शंभू झारिया पिता नानू झारिया 66 साल निवासी ग्राम सरई बिजौरी थाना शहपुरा डिंडौरी से एवं वारंटी - तानसेन पिता कल्याण सिंह गौङ 50 साल निवासी बरही, पवन बर्मन पिता जगन्नाथ बर्मन 30 साल निवासी कुआं, रामश्रय चौधरी पिता बतुआ चौधरी 38 साल एवं सुशीला बाई पति शंकर चौधरी 35 साल दोनों निवासी ग्राम उमरिया थाना रैपुरा जिला पन्ना , विजय कुशवाहा पिता लूना कुशवाहा 27 साल निवासी चरगवां थाना स्लीमनाबाद को को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कराया गया । इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, सहायक उपनिरीक्षक ध्रुव सिह,अनुराग पाठक,प्रधान आरक्षक सुनील बागरी, रमेश सिह, भोलाराम गुप्ता आरक्षक - कोमल सिह , आकाश साहू , आशीष सोनी की भूमिका रही।

---

## रेजांगला युद्ध में शहीद हुये 120 वीर जवानों को दी गईं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**स्लीमनाबाद।** रेजांगला युद्ध में शहीद हुये 120 वीरों को बहोरीबंद के ग्राम महगवां में दीप जलाकर भाव पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान राजेंद्र यादव, बीरेंद्र यादव, मोटे पटेल, चेनु पटेल, सतेंद्र यादव, हेमराज यादव, सीताराम पटेल,गोविंद पटेल,अशोक रजक, सरजू प्रधान,रवि यादव सहित अन्य जन मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये हेमराज यादव ने कहा कि रेजांगला की कहानी 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान 18 नवंबर को लड़ी गई एक ऐतिहासिक लड़ाई की है। इसमें मेजर शैतान सिंह के नेतृत्व में 13 कुमायूं बटालियन की चार्ली कंपनी के 120 सैनिकों ने अत्यधिक ठंडी और दुर्गम परिस्थितियों में करीब 3000 चीनी सैनिकों का बहादुरी से सामना किया। इस लड़ाई में 114 भारतीय सैनिक शहीद हो गए, लेकिन उन्होंने दुश्मन के 1300 से अधिक सैनिकों को मार गिराया, जिससे यह भारतीय सैन्य इतिहास की सबसे वीरतापूर्ण लड़ाइयों में से एक बन गई। जिसमें 114 यादव वीर थे। दुनिया के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ था कि दुश्मन देश ने भारतीय जवानों को सम्मान दिया था। तब चीन ने हमारे वीरों को कफन ओढा कर सम्मानित किया।



---

## अतिक्रमण हटाने ननि व यातायात पुलिस ने की कार्रवाई



नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा आमजन की सुविधा के लिए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नगर के मुख्य मार्ग सुभाष चौक से स्टेशन पहुंच मार्ग पर कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम द्वारा सड़क किनारे अस्थाई रूप से दुकान लगाकर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों पर सख्ती दिखाते हुए अतिक्रमण हटवाया जाकर आवागमन को सुगम बनाया गया। कार्रवाई के दौरान मार्ग के कई स्थानों पर फुटपाथ एवं मुख्य मार्ग पर कब्जा जमाए हुए ठेला संचालक, खोमचे वाले तथा अन्य अस्थाई व्यवसायियों फल सब्जी विक्रेताओं पर तीन हजार रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया। साथ ही उन्हें भविष्य में सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत भी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होता है, दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती है तथा आम नागरिकों को असुविधा होती है। इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी।

---

## विधायक ने बिजली संबंधी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सभागार में क्षेत्र की बिजली व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों तथा बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने शामिल होकर विभिन्न स्थानों पर उत्पन्न हो रही समस्याओं की जानकारी प्रस्तुत की। मंडल अध्यक्षों ने क्षेत्रवार बिजली कटौती, ट्रांसफॉर्मर और तारों की खराबी, लाइन फॉल्ट, लो-वोल्टेज तथा नियमित मेंटेनेंस की कमी जैसे मुद्दे उठाए।

उन्होंने बताया कि कई गांवों में लोग लंबे समय से विद्युत समस्याओं के कारण परेशान हैं।विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्राथमिकता के आधार पर फॉल्टग्रस्त क्षेत्रों की पहचान कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था में सुधार जनता की मूलभूत आवश्यकता है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी प्रकरण में उनकी आवश्यकता पड़े तो अवगत कराएँ, वे स्वयं बातचीत कर समस्या का समाधान कराएँगे।

बैठक में मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, आशीष चौरसिया, अजय सोनी, अनुराग गुप्ता, समाजसेवी संतोष दुबे, योगेंद्र सिंह, प्रशांत राय, मंडल महामंत्री अंकित झारिया, सोनू गौतम, अरविंद तिवारी, नारायण सिंह सहित बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता डी.एन. चौकीकर, कार्यपालन अभियंता शैलजा सिंह चौहान, सहायक अभियंता स्वामी प्रसाद यादव, कनिष्ठ अभियंता दिलदार डाबर और मजहर अली भी मौजूद रहे।

---

*मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य को पूरी गंभीरता से करें*

## मतदाताओं की सुविधा के लिए निगम जोन कार्यालयों में हेल्प डेस्क स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नगर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया प्रचलित है। प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम कार्यकाल सहित जोन कार्यालयों में हेल्पडेस्क की स्थापना कर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने हेल्पडेस्क में संलग्न कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। अतः हेल्पडेस्क में संलग्न कर्मचारी पूरी लगन और गंभीरता के साथ इस कार्य को अंजाम दें। निगमायुक्त ने निगम कार्यालय व जोन कार्यालय क्रमांक 1 बस स्टैंड, जोन कार्यालय क्रमांक 2 खिरहनी तथा जोन कार्यालय क्रमांक 4 माधव नगर में स्थापित हेल्प डेस्क में संलग्न कर्मचारियों को मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण कार्य में मतदाताओं को फॉर्म आदि का वितरण कर फॉर्म भरवाने तथा इस दौरान किसी प्रकार की शंका अथवा परेशानी होने पर वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर समस्या का त्वरित निराकरण कराने के निर्देश दिए है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार गहन पुनरीक्षण कार्य के तहत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर-घर गणना का कार्य किया जायेगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसम्बर को किया जायेगा। इस सूची से संबंधित दावे-आपत्तियां 9 दिसंबर से 8 जनवरी तक प्राप्त की जायेंगीं। संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस दिए जाने अर्थात सुनवाई व प्रमाणीकरण का चरण 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक चलेगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जायेगा।

विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत वर्तमान मतदाता सूची के आधार पर प्रत्येक मतदाता का घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन कर पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जायेगा। साथ ही स्थानांतरित, मृत, दोहरी प्रविष्टि वाले एवं भारत की नागरिकता न रखने वाले अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने का काम भी होगा। इस दौरान नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिये निर्धारित फॉर्म भी भराए जायेंगे।

---

किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का कृषि विज्ञान केंद्र में सीधा प्रसारण

## नेचुरल फार्मिंग से एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट दोगुना हुआ : प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कृषि विज्ञानं केंद्र कटनी में पी एम सम्मान निधि कार्यक्रम का वेबकास्ट कार्यक्रम दिखाया गया। कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र कटनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशंपायन के मार्ग दर्शन में संपन्न हुआ, कार्यक्रम में कटनी के उप संचालक कृषि डॉ आर एन पटेल एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ ए के तोमर डॉ आर.के मिश्रा डॉ अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ आर.पी बैन,डॉ के पी द्विवेदी डॉ संदीप चंद्रवंशी, प्रियंका धुर्वे उपस्थित थे कार्यक्रम का आयोजन डॉ आर पी बेन प्रशिक्षण प्रभारी द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के 132 किसानो एवं 12 विभागीय अधिकारियो ने भाग लिया।

पीएम मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की। उन्होंने तमिलनाडु के कोयंबटूर से देशभर के करीब 9 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 1800 करोड़ रुपए से ज्यादा ट्रांसफर किए।इस दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना से देश के छोटे किसानों के खाते में अब तक 4 लाख करोड़ रुपए भेजे जा चुके हैं। किसानों को 10 लाख करोड़ रुपए की मदद भी दी गई है। उन्होंने नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा देने की बात कही।

पीएम मोदी ने कहा कि नेचुरल फार्मिंग से हमारा एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट 2 गुना हुआ है। मोदी ने कहा कि जब मैं मंच पर आया तो काफी किसान गमछा घुमा रहे थे, मुझे लगा बिहार की हवा यहां मेरे आने से पहले पहुंच गई है। किसान सम्मान निधि योजना के तहत छोटे किसानों को एक साल में 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तें (कुल 6000 रुपए) दी जाती हैं। यह राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है।पीएम मोदी की स्पीच की बड़ी बातें...कोयंबटूर का टेक्सटाइल सेक्टर देश की इकोनॉमी में बहुत बड़ा कॉन्ट्रीब्यूटर है। नेचुरल फार्मिंग मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं तमिलनाडु के सभी किसानों को शुभकामनाएं देता हूं। कोई मैकेनिकल इंजीनियरिंग और पीएचडी करके खेती कर रहा है। कोई नासा में काम करते हुए खेती कर रहा है और अन्य किसानों को ट्रेंड कर रहे हैं। अगर मैं इस कार्यक्रम में नहीं आता तो बहुत कुछ गंवा देता। तमिलनाडु के किसानों में जो हिम्मत है परिवर्तन को स्वीकार करने की ताकत को सलाम करता हूं। भारत नेचुरल फार्मिंग का ग्लोबल हब बनने वाला है।

देश के युवा अब खेती को मॉर्डन अपॉर्चुनिटी के रूप में देख रहे हैं। इससे देश की रूरल इकोनॉमी को ताकत मिलने जा रही है।एक साल पहले सरकार ने नेचुरल किसान और नेचुरल फार्मिंग की शुरुआत की, जिससे कई किसान जुड़ चुके हैं।

तमिलनाडु में ही 35 हजार हेक्टेयर पर नेचुरल फार्मिंग हो रही है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक और केरल में मल्टीलेयर फार्मिंग हो रही है। एक साथ नारियल, मिर्ची और अन्य फसलें उगाई जा रही हैं।

---

## बच्चों की सुरक्षा एवं समग्र विकास के लिए बताई महत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं सी. पी. क्लब द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन और रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी एवं सी. पी. क्लब प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में 'बाल संरक्षण सप्ताह' के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. अरविंद सिंह ने कहा कि बच्चे हमारे समाज एवं देश की नींव और भविष्य हैं। जब वे सुरक्षित, स्वस्थ और स्नेहपूर्ण वातावरण में पलते हैं, तभी एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव होता है। लेकिन आज के दौर में बच्चों के प्रति हो रही हिंसा, उपेक्षा और शोषण की घटनाएं हम सभी को सोचने एवं आत्ममंथन करने के लिए विवश करती हैं। उन्होंने बच्चों के अधिकार, बाल श्रम, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह, मानव व्यापार आदि विषयों पर भी विस्तृत जानकारी दीं। साथ ही सभी से बच्चों के साथ अत्याचार या किसी भी अवैधानिक कार्यों की जानकारी को तत्काल निःशुल्क चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर देने की अपील की ।

इसी प्रकार डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने समाज में बढ़ती कुरीतियों, अंधविश्वास एवं नशे के दुष्प्रभावों पर चिंता जताई तथा कहां कि इन कुरीतियों के कारण होने वाले अपराधों का असर सबसे ज्यादा बच्चों पर पड़ता है, इसलिए समाज में अधिक से अधिक लोगों को बाल संरक्षण के प्रति जागरूक करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। जबकि डॉ. आर. जी. सिंह ने कहा कि हर बच्चे की मुस्कान, उसकी सुरक्षा से जुड़ी होती है। जिसके लिए हमें समाज में सजग रहने की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### विद्युत चोरी रोकने के लिए गुनौर वितरण केंद्र में की गई मास चेकिंग

**गुनौर।** अधीक्षण अभियंता प्रमोद कुमार गेडाम एवं कार्यपालन अभियंता अमितेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में वितरण केंद्र गुनौर में विद्युत चोरी रोकने हेतु तीन नंबर टीम गठित कर मास चेकिंग की गई। जिसके तहत गुनौर शहर के जैन मोहल्ला, किसान टोला, ढीमर मोहल्ला, हरद्वाही मोड़, रिछौड़ा रोड ,बेला ताल और ककरहटी टाउन में विभागीय टीम ने छापामारी की इसके अलावा ककरहटा ,पडेरी ,छिगम्मा, उड़की जैसे ग्रामीण इलाकों में भी चेकिंग की गई। जांच के दौरान कई उपभोक्ता लीड काटकर सीधे लाइन से कटिया फंसा कर और मीटर बाईपास करके अवैध रूप से उपयोग करते हुए पकड़े गए। विभाग ने विद्युत अधिनियम 2003 के तहत कुल 42 नंबर प्रकरण पंजीबद्ध किए कई जगह अवैध तार जप्त किए और जहां अवैध रूप से कृषि मोटर चलती मिली उन्हें भी जप्त किया गया। साथ ही बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन भीं काटे गए।

### शिक्षक राजेश कुमार लोधी को मातृशोक

**पन्ना।** अजयगढ़ क्षेत्र के मगरदहा निवासी शिक्षक राजेश कुमार लोधी जी की पूज्यमाता जी श्रीमती छोटी बाई लोधी जी पत्नी श्री शंकर लाल लोधी मगरदहा निवासी का बीती रात मेडिकल कॉलेज रीवा में स्वार्गवास हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार दिनांक 19/11/2025 को शाम 5 बजे निज निवास मगरदहा अजयगढ़ मैं किया गया है। राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा पन्ना एवं लक्ष्य षिक्षा राहत कोष के जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र कुमार लोधी ने ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर परिवार को इस भयानक दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें एवं आत्मा को अपने श्रीचरणों मैं स्थान प्रदान करें।

### पालीटेक्निक महाविद्यालय मे विधिक साक्षरता शिविर आयोजन

**पवई।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पन्ना के निर्देशन में अध्यक्ष तहसील सेवा प्राधिकरण जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय सोम पांडेय की उपस्थित में मंगलवार 18 नवम्बर को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे उपस्थित महाविद्यालय के छात्र छात्राओ को विधि द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता तथा अधिकारों के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा आगामी दिसम्बर माह को लगने वाली लोक अदालत के संबंध मे बताया कि इसमे आपसी सहमति के आधार छोटे छोटे झगड़े, विद्युत बिल, बैंक प्रकरण का निराकरण किया जायेगा।

15 वर्ष तक अमेरिका में रहे मंत्री के अनुज सत्येंद्र सिंह स्वदेश लौटकर जगा रहे शिक्षा की अलख

# विद्यार्थियों का भविष्य बनाने के लिए मंत्री अनुज स्वयं दे रहे शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जिले अंतर्गत जबेरा विधानसभा के विधायक एवं मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन व कृष्णभाव फाउंडेशन के डायरेक्टर सत्येंद्र सिंह लोधी 15 बर्ष तक अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर पदस्थ रहे उनके स्वदेश प्रेम ने उन्हें वापिस लौटाया और अब उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के 36 स्थानों पर संचालित निःशुल्क नवोदय कोचिंग क्लासेस जिसमें ओएमआर शीट एवं पेपर सेट बनवाकर द्वितीय मॉडल टेस्ट पेपर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सेंटरों पर नवोदय प्रवेश परीक्षा की तरह ही पेपर कराया गया जिसमें में कक्षा 04वीं और 05वीं के लगभग 1000 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं। पेपर में सभी सेंटरों पर बच्चों के अध्ययन में सहयोग कर रहे समस्त शिक्षकों को पर्यवेक्षक बना कर अलग अलग सेंटरों पर भेजने का कार्य किया गया जिससे बच्चों के अंदर का भय दूर हो और परीक्षा के समय आसानी से प्रश्नों को हल कर सके।

कृष्णभाव फाउंडेशन के डायरेक्टर सत्येंद्र सिंह बताते हैं कि लगभग 2 बर्षो से हम मंत्री जी के नेतृत्व में नवोदय की तैयारी कर रहे बच्चों को निशुल्क कोचिंग के माध्यम शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। समय समय पर बच्चों के टेस्ट लेकर उनको चेक करवाकर रिजल्ट तैयार करते हैं जिससे बच्चों की शिक्षा का अवलोकन किया जाता है संभव नहीं है कि सभी बच्चे नवोदय में प्रवेश कर सके।लेकिन कोचिंग के माध्यम से बच्चे अपना बौद्धिक स्तर बढ़ाकर अन्य प्रकार की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

पिछले सत्र 2024-25 में 13 स्थानों पर कक्षाओं का संचालन किया जा रहा, आज सत्र 2025-26 में 23 नवीन कक्षाओं का शुभारंभ किया गया था।

फाउंडेशन का प्रयास हैं की आने वाले समय में हर कस्वे एवं गांव में लगभग 100 निः शुल्क कक्षाओं का सत्र 2026-27 में संचालन किया जाएगा जिस की तैयारियां हमारा फाउंडेशन करा रहा है।हम सभी को इस विषय की अत्यंत खुशी है कि सत्र 2024-25 में हमारे कोचिंग क्लासेस मे 06 छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ था।

निः शुल्क नवोदय कोचिंग क्लासेस के अलावा विधानसभा क्षेत्र के 05 बड़े स्थान तेजगढ़, तेंदूखेड़ा, जबेरा, नोहटा अभाना में स्मार्ट क्लासेसों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें 300 छात्र निःशुल्क विभिन्न परीक्षाओं की तैयारियां कर रहें हैं। स्मार्ट क्लासेस मे जबलपुर की सर्वश्रेष्ठ संस्थान Momentum expert द्वारा वर्चुअल छात्र-छात्राओं को अध्ययन कराया जाता है स्मार्ट क्लास प्रातः 09:45 पर संचालित की जाती है।

स्मार्ट क्लासेस के लिए माननीय मंत्री जी द्वारा 05 स्थानों पर 75 इंच के स्मार्ट बोर्ड दिए गए जिसमें बच्चों अपनें भविष्य को बुन रहें हैं।

# जब मनुष्य अपने इस शरीर को भक्ति में लगाता है तभी उसका जीवन सार्थक होता है- पं विपिन बिहारी

**झलौन/तेंदूखेडा।** ग्राम गुहंची में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास पंडित गोपी पीठाधीश्वर विपिन बिहारी दास महाराज ने भक्ति, संस्कार और सनातन परंपराओं की महत्ता को बताते हुए कहा कि समस्त बातों का सार भगवान की भक्ति है। जिसके पास भक्ति है, वही वास्तव में धनी है, वही धन्य है। मनुष्य तन अत्यंत दुर्लभ है और यह बार-बार नहीं मिलता। जब मनुष्य अपने इस शरीर को भक्ति में लगाता है, तभी उसका जीवन सार्थक होता है। भगवान राम, कृष्ण दोनों एक ही है उन में कोई भेद नहीं है केवल आंखों का अंतर है भगवान राम ने जो किया है वह करना है और भगवान कृष्ण ने जो गीता में कहा है वह करना है आंगन में तुलसी का पेड़ जरूर होना चाहिए। गले में तुलसी का दाना और घर में यदि तुलसीदास की रामायण है और राम कथा हो रही है तो कभी कलह नही हो सकती है राम जी है अच्छाई एवं रावण है बुराई है। बुधवार को भगवान कृष्ण का जन्म हुआ और गुरूवार को जन्म उत्सव मनाया जाएगा। गोस्वामी तुलसीदास जी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य जन्म किसका सफल है। यह ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या किसी अन्य जाति में जन्म लेने से तय नहीं होता। शरीर का स्वरूप या जाति कोई बड़ी बात नहीं है। महान वह है जिसने भजन किया, भक्ति की है। जिस किसी ने भी भगवान का स्मरण, सत्संग और सेवा को अपनाया, उसका जन्म धन्य हो जाता है। संतों की पहचान बताते हुए महाराज जी ने कहा कि संत वेष से नहीं, बल्कि भाव से पहचाना जाता है। जिस मनुष्य का हृदय परोपकार से भरा हो, जिसका मन शांत हो गया हो, वही संत है। उन्होंने कहा जो जीते-जी शांत हो जाए वह भी संत, और जो मरते-मरते शांत हो जाए वह भी संत। मन की शांति तभी आती है जब भीतर की कामनाएँ समाप्त हों। जब भगवान ने इस सृष्टि का निर्माण किया तो अंत में मनुष्य को बनाया, पर आज मनुष्य धन-दौलत के पीछे पागल है। उन्होंने भक्तों को समझाया कि यदि भजन नहीं कर पाते, दान-पुण्य नहीं कर पाते, तीर्थयात्रा नहीं कर पाते तो कोई बात नहीं। बस संतों के पास बैठो, भजन-कीर्तन में बैठो सत्संग की यह शक्ति ऐसी है कि धीरे-धीरे मन में भी भक्ति का दीपक स्वयं जल उठता है। भजन-परायण लोगों की संगति जीवन को सफल बना देती है। सनातन धर्म की परंपराओं का उल्लेख करते हुए महाराज जी ने सती और भगवान शंकर के विवाह तथा प्राचीन रीति-रिवाजों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब भगवान शंकर व माता पार्वती का विवाह हुआ, तो प्रथम बार जब वे अपने ससुराल पहुँची, तो वे प्रथम लक्ष्मी जी के घर ठहरी थी और शाम को ससुराल पहुंची थी उसी परंपरा के आधार पर आज भी कई परिवारों में नववधू को आगमन पर किसी परीचित स्थान या मेहमान के घर ठहराया जाता है और शाम में ससुराल पहुँचाया जाता है। मान्यता है कि जो ऐसा करता है, उसके जीवन में लक्ष्मी जी का आगमन सुनिश्चित होता है। महाराज ने कहा कि आज लोग परंपराएँ तो निभाते हैं पर उनके कारण को नहीं जानते। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म में प्रत्येक परंपरा का अपना वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व है। पहले हमारा देश ऋषि-प्रधान था, बाद में कृषि-प्रधान बना और अब कुर्सी-प्रधान हो गया है मनु महाराज की कथा वर्णन के उपरांत उन्होंने भगवान के 24 अवतारों का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया। आगे गुरु-तत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में गुरु एक ही होना चाहिए। मंत्र-दीक्षा केवल एक गुरु से लेनी चाहिए। ज्ञान तो कई गुरुओं से लिया जा सकता है लेकिन मंत्र दीक्षा केवल एक गुरु से ही देना चाहिए गुरु का कार्य शिष्यों के मन से कामना को हटाना, उन्हें सत्य के मार्ग पर स्थापित करना है। स्वामी विवेकानंद और स्वामी परमहंस की गुरु-शिष्य परंपरा का उदाहरण देते हुए उन्होंने समझाया कि सच्चा गुरु वही है जो शिष्य के भीतर छिपे प्रकाश को प्रकट कर दे। आज के चतुर्थ दिवस की कथा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति-मार्ग की महत्ता, गुरु-तत्व की गरिमा और सनातन धर्म की गौरवमयी परंपराओं से गहराई से अवगत कराया। श्रद्धालु कथा का श्रवण कर आनंदित व धन्य हुए।

# पद्मश्री स्वामी सीडी भारती ने कबीर भजनों की दी शानदार प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में कोआपरेटिव बैंक के पास संचालित स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में स्पिक मैके द्वारा बुधवार को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पद्म श्री स्वामी सीडी भारती बंधु की टीम ने कबीर भजन गायन की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर तालिया की गड़गड़ाहट के साथ सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीआरसी एमएल अहिरवार बीएससी सुनील पाठक विद्यालय संचालक राजेंद्र पाठक द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती पूजन के साथ किया गया। इसके उपरांत पद्मश्री स्वामी श्री भारती द्वारा सबसे पहली प्रस्तुति सूरज की गर्मी से मिल जाए तरुवर की छाया प्रस्तुत किया इसमें उन्होंने इनके शब्दों को लेकर व्याख्यान दिया। भगवान राम,हनुमान एवं संत मिलन के बारे में बच्चों की जानकारी दी ।कबीर की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी जहां बच्चों की तालियों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा।इस मौके पर बीआरसी एम एल अहिरवार,बीएसी सुनील पाठक आशीष जैन, संचालक राजेन्द्र पाठक, शिक्षक श्रीमती निर्मला सोनी, प्रणव पाठक, प्रतिभा पाठक, श्रीमती रमा जैन, विकास वडगैया सहित शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

# प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी की जयंती मनायी



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला सेवादल द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में आयरन लेडी के नाम से विख्यात पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर माल्यार्पण करते हुये उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि हमारे देश की वह प्रथम महिला प्रधानमत्री थी जिन्होने सत्ता में रहते हुये भी विपक्ष का सम्मान रखा एवं उनकी तेज तर्रार छवि के कारण लोह नेत्री कहा गया, जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष श्री संजय चौरसिया ने कहा कि वह रॉयल राजनेता थी, आखिरी वक्त में भी उन्होने कहा था कि वह देश की खातिर बलिदान दे देंगी किन्तु देश की अस्मिता से समझोता नहीं करेंगी। तिलक सिंह, वीरेन्द्र राजपूत, प्रदीप पटेल, विजय बहादुर, कमला निसाद, भूपेन्द्र अजमानी, मुकेश रोहितास, मंजीत यादव, बबलू भट्ट, बसंत कुसवाहा, प्रमेश सिरोठिया, डालचंद कुशवाहा, डी.पी. पटैल, शंभू राय, रियाज खान, मदन सुमन ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार रखते हुये कहा कि आज के राजनेताओं के भाषणों में फूहड ता एवं स्वयं के बारे में अभिमान रहता है, वहीं इंदिरा जी के भाषण देश की जनता के प्रति रहते थे। इस अवसर पर रमेश राठोर, अनुज ठाकुर, अलीम खान, राकेश राय, श्रीकांत पटेल, ए.के चिश्ती सहित अनेक कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

# वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में सहकारिता ही एकमात्र समृद्धि का आधार है- नरेंद्र व्यास

**दमोह।** जिला सहकारी संघ मर्यादित, दमोह के तत्वाधान में उभरते क्षेत्रों जैसे पर्यटन, स्वास्थ्य हरित ऊर्जा, प्लेटफार्म को - ऑप्स, किचन - को ऑप्स और किसी भी अन्य संभावित क्षेत्रों में सहकारी समितियों का विस्तार करना विषय पर बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, बटियागढ़ में पंडित नरेंद्र व्यास (पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा) के मुख्य आतिथ्य, कमल मिश्रा जनपद सदस्य की अध्यक्षता, दामोदर पटेल बैंक शाखा प्रबंधक, तुलसीराम शुक्ला पूर्व समिति प्रबंधक व महेश दुबे के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचालन जिला सहकारी संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीव दुबे ने करते हुए नवाचार के तहत गठित विभिन्न प्रकार की सहकारी समितियां जैसे पर्यटन परिवहन एवं अन्य नए-नए क्षेत्रों में गठित होने वाली संभावित सहकारी समितियों के गठन उद्देश्य व कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि नरेंद्र व्यास ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा आम जनमानस को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नए-नए क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की सहकारी समितियों का गठन किया जा रहा है ।आज के वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में कोई एक व्यक्ति अकेला उन्नति के शिखर पर नहीं पहुंच सकता ऐसी स्थिति में सहकारिता के माध्यम से ही एक सामूहिक उद्देश्य लेकर आम जनमानस आगे बढ़कर अपने परिवार की उन्नति के साथ-साथ देश की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। अतिथियों का स्वागत अशोक शर्मा समिति प्रबंधक व प्रशांत राजोरिया ने किया। कार्यक्रम में अजमेर सिंह, फलक सिंह, राम सिंह, गौरीशंकर असाटी, जवाहर सिंह, पर्वतसिंह, भारत सिंह, कृष्ण अवतार, बालचंद पाटकर रामनाथ दुबे, अशोक रैकवार, सहित समिति सदस्यों व किसानों की उपस्थिति रही। आभार अशोक शर्मा (समिति प्रबंधक) ने माना।

# मसूर मिनी किट का वितरण



**पथरिया।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत दलहन मसूर मिनीकिट का वितरण कृषि विभाग से ग्राम लखरोनी,अ सूखा, मेहलवारा, सतपारा, बिलानी, जगथर आदि ग्रामों में किया गया जिसमें वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उमाशंकर प्रजापति, जगथर सरपंच कुंदन लाल अहिरवार, कृषि विस्तार अधिकारी रोहित पाल, सुरेश बिरला द्वारा कृषकों को रबी सीजन बुवाई के लिए उच्च गुणवत्ता वाला मसूर बीज का वितरण किया गया।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**दमोह।** शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में असाटी महिला समिति द्वारा आयोजिक श्रीमति रुचि महेश असाटी (शिक्षक) ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया, जिसमें असाटी समाज की सभी बहनों की उपस्थिति रही। एवं श्री राम दरबार की पूजा अर्चना की, पूजा के पश्चात सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ प्रारंभ किया गया, एवं संगीतमय सुंदरकांड पाठ के बाद हनुमान चालीसा कर आरती की गई। और भजन संगीत का कार्यक्रम किया गया, जिसमें सभी बहनों ने मिलजुल कर सुंदर-सुंदर भजनों का गायन किया, फिर प्रसाद वितरण कर समापन किया गया।

# विद्यार्थियो को निशुल्क स्वेटर वितरित की



**जबेरा।** कहते है बच्चे भगवान का स्वरूप होते है उनके साथ हर कोई अपने खुशी के पल व्यतीत करना चाहता है। विगत दिवस उच्च माध्यमिक शिक्षिका स्नेहलता शेखर पाटकर ने अपनी माँ सुनीला पाटकर के पदस्थ स्कूल शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय जबेरा में अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत विद्यर्थियो को निशुल्क रूप से स्वेटर वितरित की। इसके पूर्व विद्यालय के शिक्षकों की ओर से अन्य पाठ्य सामग्री पेन पेंसिल बेग इत्यादि वितरित किये थे उक्त अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश राय ने उनकी इस पहल की प्रशंसा की वही शिक्षिका सुनीला पाटकर ने कहा वह आगे भी ओर बच्चों को निशुल्क स्वेटर वितरित करेगी। उक्त अवसर पर राजेश जैन, जयंत सेन, सुनीता जैन, रामेश्वर अहिरवाल, निकिता साहू सहित समस्त स्टाफ एवम विद्यार्थी उपस्थित थे।

# टाईगर रिजर्व में बढ़ रहा मांसाहारी जानवरों का कुनबा, पर खुराक की बनी कमी

तेंदूखेड़ा।

प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना रानी दुर्गावती (नौरादेही) टाइगर रिजर्व की बात करें, तो यहां लगातार बाघों का कुनबा बढ़ रहा है। अगले साल चीतों को लाने की तैयारी तेज हो गई है लेकिन टाइगर रिजर्व में मांसाहारी जानवरों की खुराक यानि शाकाहारी जानवरों की संख्या फिलहाल कम है। इसकी एक बड़ी वजह विस्थापन में लग रहा समय है। खास बात ये है कि जब यहां पर एनटीसीए के चीता प्रोजेक्ट के विशेषज्ञों की टीम मई 2025 में दौरा करने आई थी, तब चीता बसाने के लिए जरूरी कामों में उन्होंने शाकाहारी जानवरों की संख्या बढ़ाने के लिए भी कहा था जहां तक वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की बात करें, तो 2018 में इसे राष्ट्रीय बाघ संरक्षण परियोजना में शामिल किए जाने के बाद यहां बाघ-बाघिन का जोड़ा छोड़ा गया था। उम्मीद के मुताबिक यहां मई 2019 से बाघों की संख्या बढ़ना शुरू हो गई थी। महज 6 साल में यहां बाघों का कुनबा 28 पहुंच चुका है, जो अधिकृत आंकड़ा है। इसके अलावा जब 1975 में वन्यजीव अभ्यारण्य के रूप में नौरादेही की स्थापना की गई थी, तब इसे भारतीय भेडियों (ग्रे वुल्फ) के प्राकृतिक आवास के रूप में स्थापित किया गया था। यहां आज भी भारतीय भेडियों की संख्या काफी ज्यादा है। इसके अलावा यहां पैंथर्स, वाइल्ड डॉग, जैकल, ग्रे फॉक्स और ऊद बिलाव (कॉमन ओटर) जैसे मांसाहारी जीव काफी संख्या में हैं।

## शाकाहारी जानवरों की कमी

ऐसा नहीं है कि नौरादेही में शाकाहारी जानवर एक दम से कम हो, यहां पर भी नीलगाय, चिंकारा, चीतल, सांभर, काला हिरण और सामान्य हिरण पाए जाते हैं लेकिन इनकी संख्या तेजी से बढ़ रहे शाकाहारी जानवरों के मुकाबले कम आंकी जा रही है। 2023 में टाइगर रिजर्व का दर्जा मिलने के पहले से ही यहां बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है। भविष्य में चीतों को बसाए जाने के लिए यहां काम शुरू हो गया है। चीताप्रोजेक्ट के विशेषज्ञ चीतों को बसाने के पहले यहां का दौरा करने और तैयारियों के संबंध में निर्देश देने के लिए पहुंचे थे। जिसमें उन्होंने फेसिंग, चीतों के लिए बाड़े बनाने, जलस्त्रोत बढ़ाने के साथ-साथ शाकाहारी जानवरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी प्रबंधन को दिए थे, क्योंकि उनका मानना था कि भविष्य में चीते बसाने के लिहाज से फिलहाल शाकाहारी जानवरों की संख्या कम है। नौरादेही टाइगर रिजर्व की बात करें, तो मध्यप्रदेश का यह सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व 3 जिलों दमोह सागर और नरसिंहपुर में फैला है। जिसका कुल क्षेत्रफल 2339 वर्ग किमी है। यहां का कोर एरिया 1414 वर्ग किमी और बफर एरिया 922 वर्ग किमी है। यहां विस्थापन में देरी एक बड़ी समस्या है, क्योंकि ये यहां के रहवासियों की सहमति से होता है। नरसिंहपुर में तो लगभग विस्थापन का काम पूरा हो चुका है, क्योंकि यहां पर विस्थापित होने वाले गांवों की संख्या कम थी। सागर में कुछ बड़े गांव अभी विस्थापित नहीं हो पाए हैं। वहीं दमोह जिले में विस्थापन की प्रक्रिया सबसे धीमी गति से चल रही है विस्थापन होने के बाद जो खेती की जमीन रहती है, वहां पर प्रबंधन चारागाह विकसित करता है और ये शाकाहारी जानवरों की संख्या बढ़ाने में मददगार होते हैं। विस्थापन के कारण चारागाह विकसित होने में देरी हो रही है।

## शाकाहारी जानवरों को बढ़ाना जरूरी'

वाइल्डलाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने बताया कि रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में जो चीते लाए जाने का कदम है, वह स्वागत योग्य है. चीतों को बसाए जाने के लिए जरूरी है कि वहां पर शाकाहारी जानवर और जलस्त्रोत बढ़ाया जाना जरूरी है, वो निश्चित संवेदनशील जरूरत है. मैं नौरादेही गया हूं वहां ग्रासलैंड बहुत अच्छा है चीता के लिए छोटे शाकाहारी जानवरों की जरूरत होती है इस कारण यहां पर इनकी संख्या बढ़ाना होगी. यहां पर शिकार को रोकना पड़ेगा और निगरानी और बेहतर सुरक्षा प्रबंधन की जरूरत है।

टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ एए अंसारी ने बताया कि पहले यहां शाकाहारी जानवर थोड़े कम थे लेकिन जैसे-जैसे गांव विस्थापित हो रहे हैं, तो वहां हम घास के मैदान विकसित कर रहे हैं. बाहर से हम लोग पेंच, कान्हा से चीतल लाए थे, तो आप देखेंगे कि पिछले तीन-चार सालों में चीतल की संख्या बढ़ रही है संरक्षण मिलने से चिंकारा और नीलगाय की संख्या भी बढ़ रही है. अभी किसानों के खेतों में पहुंचने वाले ब्लैक बक को पकड़कर टाइगर रिजर्व भेजा जा रहा है. हमको एक बार 153 और दूसरी बार 35 ब्लैक बक मिले हैं. ये हमारे मांसाहारी जानवरों के भोजन के लिहाज से अच्छे संख्या है. यहां की ईकोलॉजी और खुले मैदान ब्लैक बक के लिए काफी अच्छे हैं. हमारे यहां शाकाहारी जानवरों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

**डॉ एए अंसारी डिप्टी डायरेक्टर**
**वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर**

## खबर संक्षेप

### मंडी में किसानों को 5 रूपए में भोजन नही

**पथरिया।** कृषि उपज मंडी में किसान अपनी उपज भांवातर योजना में सोयाबीन व अन्य जिंसों को बेचने के लिए मंडी में आ रहें हैं किसानों की भीड़ भाड़ व आवक ज्यादा होने से सप्ताह में 3-4 दिन ही मंडी में डाक हो पा रही है लेकिन सोचने वाली बात है कि शासन द्वारा किसानों को दी जाने वाली सुविधाएं ना के बराबर है शासन किसानों को 5 रूपए में भोजन देने की योजना है ठेका है लेकिन उसके बाद भी खोली नही जाती मंडी प्रशासन की ढुलमुल रवैया के कारण किसानों को शौचालय बनें लेकिन चालू नही रूकने के कोई व्यवस्था नहीं सब मनमर्जी चल रही है जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा ऐसी कड़ाके की ठंड में भी मजबूरन खुलें में रूकना पड़ रहा है।

### दमोह मंडी में आज डाक-नीलामी बंद, किसानों से उपज न लाने की अपील

**दमोह।** मंडी प्रशासन ने समस्त कृषको, व्यापारी एवं हम्माल-तुलावटी भाईयों को सूचित किया है, मंडी प्रांगण दमोह में कृषि जिन्सों की आवक अत्याधिक मात्रा में होने के कारण तौल कार्य भी देर रात्रि तक पूर्ण नहीं हो पा रहा है, साथ ही व्यापारी के द्वारा क्रय कि गई कृषि उपज का उठाव भी नहीं हो पा रहा है, जिससें की कृषकों को अपनी उपज के ढेर लगाने में जगह हेतु असुविधा हो रही है। मंडी सचिव ने बताया वर्तमान परिस्थिति को देखते हुये 20 नवम्बर दिन गुरूवार को मंडी में डाक-नीलामी का कार्य पूर्णतः बंद रहेगा। मंडी प्रशासन ने कृषक बंधुओं से आग्रह किया है, वे 20 नवम्बर को अपनी उपज मंडी में विक्रय हेतु ना लावें। यह निर्णय किसानों को सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये लिया गया है।

### विशाल भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन

**दमोह।** विशाल भजन संध्या कार्यक्रम का हुआ आयोजन स्वर्गीय मनमोहन पटेल की दसवीं पुण्यतिथि पर स्थानीय प्यासी मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें आकाशवाणी कलाकार पंडित नंदराम तिवारी द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। दादा स्व.मनमोहन पटेल के शिष्यगणों द्वारा उनकी रचनाओं को भजन के रूप में गाकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में डॉ केदारनाथ शर्मा, कलाकार पंडित भोजराज दुबे, दयाशंकर प्रधान, प्रदीप अग्रवाल, मुन्ना चौबे, नंदराम तिवारी, लक्ष्मण अग्रवाल, अरुण तिवारी, बृजमोहन पुजारी, नर्मदा प्रसाद चौरसिया, नब्बू चौरसिया, गिरीश पटेल, मुन्नालाल पटेल, धर्मेंद्र, लखन, जितेंद्र आदि रहे।

राजनैतिक सरंक्षण में जमकर उत्खनन, खनिज विभाग बना मूकदर्शक

# दो-तीन वर्षों से रेल्वे तीसरी लाइन कार्य में निरंतर अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

विगत 2-3 वर्षों से रेल्वे तीसरी लाइन कार्य के चलते रेल्वे लाइन के आसपास की ग्राम पंचायतों में व आस-पास निरंतर अवैध उत्खनन बडे पैमाने पर हो रहा है। वही रेल्वे लाइन के आस पास की पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत तलैया व खेत तालाब का निर्माण कार्य हो गया जिसमें मुरम रेल्वे में चली गई और पैसे मिल गये, वही मनरेगा में काम दर्शा दिया। जिससे दोनों तरफ से पैसा मिल गया। शिकायत के बाद भी ना खनिज अधिकारी आये और न जनपद के। पंचायत में काम हो गया लेकिनजनपद के अधिकारी भी मौके पर देखने नहीं आये कि काम ठीक से हुआ है नहीं। अधिकारियों की मिलीभगत से मशीन से काम हो गया। कार्य मजदूरों से दिखाकर पैसा



निकल गया। लेकिन सोचने वाली बात है कि सब कुछ मनमर्जी से चलता रहा लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया गया कि किस तरह से शासकीय पैसा का खुला दुरूपयोग हो गया और बंदरबांट योजना में सब मैनेज हो गया। रेल्वे ठेकेदार द्वारा जब जब उत्खनन की अनुमति मांगी तो कभी जिला कलेक्टर से स्वीकृति तो कभी किसी राजनैतिक व्यक्ति का काम होने का बता देते रहें। निरंतर कार्य चल रहा पर जब जब कोई कार्यवाही की गई तो सिर्फ खानापूर्ति कर ली गई।

रेल्वे कार्य के चलते पथरिया दमोह सड़क मार्ग पर डंफरों की धमा चौकड़ी रातों-रात में चलती रही जिससे सड़क मार्ग जर्जर हालत में हो गया वही खेजरा खेर के पास जबसे मुरम डाली जा रही है। वहां इतनी धूल के गुब्बारे उड़ रहें कि राहगीरों को परेशानी हो रही फिर भी ठेकेदार द्वारा पानी तक नही डलवा रहें कि आमजनों को राहत मिल सकें। जिला प्रशासन से अपेक्षा है कि उक्त रेल्वे तीसरी लाइन निमार्ण कार्य की निष्पक्ष एजेंसी द्वारा जांच कराई जाए और लाइन के आसपास जिन पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत लाइन के 1 किमी के आसपास जो तलैया तालाब खोदें गये उसकी जांच हो।

# संसार में दुख का कारण स्वयं के कर्म है- मुनि श्री समत्व सागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नगर के सिंघई जैन मंदिर जी में इन दिनों सिद्धों की आराधना के साथ सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन भक्तिभाव के साथ चल रहा है। इस अवसर पर भव्य समवसरण की रचना की गई है। वही पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री समत्व सागर जी एवं शील सागर जी का मंगल सानिध्य भी प्राप्त हो रहा है। सिद्धचक्र महामंडल विधान के अवसर पर बुधवार को प्रातः बेला में श्री जी के अभिषेक शांति धारा पूजन उपरांत विधान प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं बड़ा जैन मंदिर से आए आसामियों के द्वारा विधान हेतु द्रव्य समर्पित करके मुनि श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। वही जयपुर से आए श्रावकों ने पूर्व के चातुर्मास का मंगल कलश प्राप्त किया। मंगल प्रवचन की बेला में मुनि श्री समत्व सागर ल जी ने कहा कि संसार में दुख का कारण स्वयं के कर्म है। अपने परिणाम अथवा विचार है। विचारों में निर्मलता से ही पवित्रता प्राप्त होती है। कर्म सिद्धांत संपूर्ण जगत के लिए समान होता है। महावीर भगवान के सिद्धांत मात्र जैन पर लागू नहीं होते वे पूरे संसार के लिए एक समान है। भाव की दशा से मनुष्य को उसका प्रतिफल प्राप्त होता है। मानव मंदिर तक धार्मिक होता है। मंदिर से बाहर वह संसार में घुल मिल जाता है। भावों की दशा संसार में रुला रही है। उच्च भाव मोक्ष की ओर निम्न भाव निगोद की ओर ले जाते है। चेहरा भावों की दशा बता देता है। अंतरंग में जितनी निर्मलता होती है वह बाहर प्रकट हो जाती है। जैसे भाव बनते हैं वैसा ही हमारा जीवन बनता है। स्वर्ण कलश में यदि मल भरा हो तो वह लेने योग्य नहीं होता। इस तरह यदि शरीर चमकता हो किंतु अंदर क्रोध मान माया लोभ रुपी मल भरा है तो उसका कल्याण कैसे हो सकता है। इस मौके पर जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई मंदिर अध्यक्ष उपाध्यक्ष अनिल मामा, रिंकू सिंघई जैन मिलन के प्रांत पदाधिकारी दिलेश चौधरी श्रावक कल्याण समिति महामंत्री सुनील वेजीटेरियन, राजेंद्र अटल, आनंद जैन, विपिन जैन, सवन सिल्वर, जिनेंद्र उस्ताद, शैलेंद्र मयूर, राजेश हिनौती सहित बड़ी संख्या में श्रावक जनों की उपस्थिति रही।

## नवजागृति शाला एक गोल से जीता मैच



**दमोह।** हॉकी दमोह के तत्वाधान मे सालोमन उस्ताद शालेय लीग हॉकी प्रतियोगिता मे हिडोरिया शाला एवम नव जागृति शाला के बीच हुआ जिसमे नवजागृति शाला ने दो एक गोल से विजय प्राप्त की। निर्णायक शेख असार, तरूण नामदेव, इमरान थे। खिलाडियो से परिचय विकास जैन से कराया गया। इस अवसर पर राजेश सालोमन, ललित नायक, भगवान सिंह, विजय ठाकुर, संतोष सेन, अल्ताफ खान, राजेन्द्र किशन सिंह, विवियन, अतुल, मुकेश, रिकी लोधी, साधना, आरती, रोशनी मुस्कान, सपना पटेल आदि रहे।

## एसआईआर में प्रगति लाने बीएलओ एक फर्श पर आ रहे नजर

**रनेह।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन अनुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एस आई आर के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचकर गणना पत्रकों का वितरण किया गया। मतदाता को पत्रक भरने में कठिनाई आ रही है घर-घर में बीएलओ द्वारा फॉर्म भरना संभव नहीं हो पा रहा है। जिससे मतदाता को मिले गणना पत्रक एक सप्ताह के बाद भी कोरे रखे हुए हैं। जिससे मैपिंग तथा डिजिटाइजेशन की गति कछुआ चाल से चल रही है। फील्ड पर अमला भरसक प्रयास कर रहा है, बावजूद जानकारी के अभाव में कार्य प्रगति नहीं पकड़ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार रनेह के समस्त मतदान केंद्र बुधवार तक रेड जोन में नजर आ रहे हैं। वहीं रनेह क्षेत्र में कुछ मतदान केदो पर उत्कृष्ट कार्य गया है। उल्लेखनीय है कि गत दिवस एसडीएम राकेश मरकाम, नायब तहसीलदार राजेश सोनी द्वारा मतदान केंद्रों का भ्रमण कर कम प्रगति वाले मतदान केंद्रों को प्रगति में लाने के लिए निर्देश दिए थे। कार्य में प्रगति लाने रनेह के समस्त बीएलओ सहायक एक साथ एक ही फर्श पर बैठकर कार्य में प्रगति लाने भरसक प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं।



# क्षतिग्रस्त पुल से बस निकालने पर 5 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



हटा से पन्ना मार्ग पर गैसाबाद में व्यारमा नदी के पुल पर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद ड्राइवर द्वारा सवारी की जान से खिलवाड़ कर बस निकालने की कोशिश करते पाए जाने पर पुलिस द्वारा बस को जप्त कर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। दरअसल पन्ना मुख्य मार्ग पर गैसाबाद के पास व्यारमा नदी पर बना पुल एमपी सड़क विकास निगम की जांच में क्षतिग्रस्त पाया गया था जिसके बाद दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पुल पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। कलेक्टर के आदेश के बावजूद मंगलवार को सुखेजा बस ट्रेवल्स की बस (क्रमांक एमपी 35 P 0149) दमोह से पन्ना जाते समय क्षतिग्रस्त पुल से गुजरने की कोशिश करती मिली। थाना गैसाबाद पुलिस ने बस को मौके पर ही रोक लिया और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत पांच हजार रुपये का चालान बनाया। पुल की खराब स्थिति को देखते हुए पुलिस लगातार कड़ी निगरानी कर रही है, ताकि कोई भी वाहन इस जोखिम भरे मार्ग से न गुजर सके। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधित पुल से न गुजरें और वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

## एमएलबी पथरिया की छात्रा का नागालैंड जाने हुआ चयन

**दमोह।** एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत नागालैंड यात्रा में प्रथम मैच में भोपाल संभाग, सागर संभाग, तथा नर्मदापुरम संभाग के कुल 14 जिले के 28 बालक बालिका तीनों संभाग से एक शिक्षक ए क शि क्षि का कुल 06 का चयन हुआ है। यह टूर 24 नवंबर से 27 नवंबर तक रहेगा। भोपाल से दिल्ली तक की यात्रा ट्रेन से तथा दिल्ली से नागालैंड की यात्रा हवाई जहाज से की जाएगी। पथरिया कि कुमारी स्नेहा ठाकुर का चयन होने पर स्कूल के प्राचार्य सुभाष चंद्र जैन. रामसा प्रभारी श्रीमती योगीता तिवारी, एक भारत प्रभारी डॉक्टर पुष्पेंद्र तिवारी, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरिया की छात्रा और शिक्षकों को बहुत-बहुत बधाई दी है।



## चोरी का आरोपी गिरफ्तार, चोरी गये सोने चांदी के जेवरात जब्त

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में लगातार नोहटा थाना के द्वारा संपत्ति संबंधी आरोपियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 18/11/2025 को एसडीओपी महोदय तेंदूखेड़ा के मार्गदर्शन में थाना नोहटा के ग्राम वरखेड़ा भाट से प्रार्थी रामसेवक राव के घर से चोरी गये मशरूका को आरोपी अनमोल राव पिता रामाधार राव उम्र 18 साल निवासी ग्राम सिहोरा पड़रिया थाना दमोह देहात से बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी के पास से सोने के लाकेट, कान की वाली, चांदी की पायल एवं नगद 10000/-कुल कीमती 90,000 रूपये जब्त किये है। आरोपी की दस्तयाबी में थाना प्रभारी उनि अभिषेक पटैल, सउनि नागेन्द्र सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक जितेंद्र यादव, प्रधान आरक्षक दीपक ठाकुर, आरक्षक देशराज ठाकुर एवं सायबर सेल से आरक्षक मयंक दुबे एवं रोहित राजपूत की महत वपूर्ण भूमिका रही।

### पांच वर्षों से फरार स्थायी बारंटी गिरफ्तार

**दमोह।** दमोह कोतवाली पुलिस ने पांच वर्षों से फरार स्थायी बारंटी को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर सूचना तंत्र मजबूत किया जिसके तारतम्य में दिनाँक 19.11.25 को मुखबिर से सूचना के आधार पर स्थायी बारण्टी विजय लोधी ठाकुर पिता लक्खू ठाकुर उम्र 23 साल निवासी जटाशंकर कालोनी दमोह को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली के अप.क्र. 1150/21, अप.क्र. 593/23, अप.क्र. 594/23 मे माननीय न्यायालय द्वारा 03 स्थायी बारण्ट जारी किये गये थे आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, उनि. बी.एस. हजारी, प्र.आर. देवेन्द्र रैकवार, प्र.आर महेश यादव, आर. नरेन्द्र पटैरिया का सहयोग रहा।

नगर के विभिन्न चौराहों से निकलेगी यात्रा, मानस भवन में होगी जनसभा, करणी सेना ने दी संपूर्ण आयोजन की तैयारी

# कल जन क्रांति न्याय यात्रा में शामिल होंगे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर


हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



करणी सेना परिवार टीम जीवन सिंह शेरपुर, जिला दमोह द्वारा 21 नवंबर 2025 को दमोह में जन क्रांति न्याय यात्रा एवं आमसभा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर का आगमन हो रहा है वह यहां 21 दिसंबर 2025 को जिला हरदा में आयोजित होने वाले जन क्रांति न्याय आंदोलन उपस्थित एवं समर्थन की अपील करेंगे न्याय यात्रा का शुभारंभ मारुताल बाईपास से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप चौक जबलपुर नाका, किल्लाई नाका, तीन गुल्ली, स्टेशन चौराहा, राय चौराहा, घंटाघर होते हुए अंबेडकर चौक स्थित मानस भवन दमोह पहुंचेगी जहां जनसभा आयोजित की जाएगी इसी को लेकर आज दमोह के निजी रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसे जिला अध्यक्ष नितिन सिंह तोमर, सागर संभाग महामंत्री निहाल सिंह राजपूत, संरक्षक कपिल सिंह तोमर, दिग्विजय सिंह राजपूत, संगठन मंत्री संतोष सिंह तोमर एवं मीडिया प्रभारी महेन्द्र राजपूत ने संबोधित किया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष नितिन सिंह तोमर ने कहा कि दमोह की पावन धरा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर का आगमन हो रहा है सभी से अपील है कि सर्व समाज के लोग अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं 21 सूत्रीय मांगों को लेकर हरदा में होने वाले राज्य स्तरीय जन क्रांति न्याय आंदोलन के उपलक्ष्य में संपूर्ण प्रदेश में इस प्रकार की यात्राएं निकाली जा रही हैं ताकि सर्व समाज का समर्थन लिया जा सके आप सभी पत्रकार बंधुओ के सहयोग से हमारा यह आंदोलन सफल होगा और हमारी 21 सूत्रीय मांगे जन जन तक पहुंचेंगे। हमारी 21 सूची है मांगे इस प्रकार हैं 12-13 जुलाई 2025 हरदा लाठीचार्ज की न्यायिक जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो। देवास व हरदा में दर्ज झूठे प्रकरण वापस लिए जाएँ में आरक्षण में भूमि व मकान की बाध्यता समाप्त हो, केवल 8 लाख वार्षिक आय को आधार बनाया जाए। सभी भर्तियों में 5 वर्ष आयु छूट, प्रमाणपत्र की अवधि 3 वर्ष हो, छात्रवृत्ति व ऋण में रियायतें दी जाएँ। शेष रहे पदों को बैकलॉग के रूप में भरा जाए।, आरक्षण पूर्णतः आर्थिक आधार पर लागू हो। एक बार लाभ लेने वाले परिवार को पुनः लाभ न मिले तथा सभी वर्गों में "क्रीमी लेयर" की अवधारणा लागू की जाए, एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत बिना जांच गिरफ्तारी पर रोक लगे और झूठे प्रकरण दर्ज कराने वालों पर कानूनी कार्रवाई हो, एससी एसटी एक्ट की तर्ज पर सामान्य व पिछड़ा वर्ग की रक्षा हेतु नया एक्ट बने जो कानूनी सहायता व संरक्षण प्रदान करे, क्षत्रिय महापुरुषों के इतिहास से छेड़छाड़ पर रोक लगे। इसके लिए इतिहास संरक्षण समिति बने, छब्म्त्ज सहित संस्थानों में विकृतियाँ सुधारी जाएँ व भविष्य में रोक हेतु कठोर कानून बने, सवर्ण आयोग का पुनर्गठन हो, उसे वित्तीय व नीतिगत अधिकार देकर सक्रिय बनाया जाए, भर्ती कानून बने, वार्षिक भर्ती कैलेंडर जारी हो, देरी पर बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। पुलिस भर्ती में अतिरिक्त 200 शुल्क वापस हो, सभी वर्गों को 5 वर्ष की छूट मिले। दैनिक वेतनभोगियों के नियमितीकरण की नीति बने, मध्यप्रदेश की भर्तियों में प्रदेश के युवाओं को प्राथमिकता मिले, अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए सीमित कोटा तय हो, स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट लागू की जाए, खादों की कीमत नियंत्रित हो तथा फसल नुकसान रोकने हेतु ठोस योजना बने जंगली जानवर और घोड़ा रोज पर रोकथाम के लिए उचित प्रयास किये जाये, कृषि उपकरणों पर पूर्ण छूट मिले, फसल बीमा योजना में सभी आपदाएँ शामिल हों। फसल नुकसान पर ङ्मब्ब ब्याज माफ हो, कम से कम 10 गुना क्लेम दिया जाए और 55,000 प्रति हेक्टेयर मुआवजा सुनिश्चित हो, डच्म्ठ के स्मार्ट मीटरों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए तथा बढ़े हुए बिजली बिलों का उचित समायोजन किया जाए, धर्म या जाति बदलकर लड़कियों से धोखाधड़ी करने वालों पर कठोर कार्रवाई हो, ऐसे अपराधों को गंभीर श्रेणी में लाया जाए अंतर्जातीय विवाह हेतु सरकारी सहायता राशि बंद हो, लव मैरिज में माता-पिता की सहमति अनिवार्य हो, भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों की रक्षा हेतु नया विवाह कानून बने, सरकारी नौकरियों में पदोन्नति में आरक्षण की व्यवस्था समाप्त की जाए, गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए। गौशालाओं के स्तर में सुधार, गोबर व गौमूत्र की सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए। गौशालाओं को प्रतिमाह डीबीटी से अनुदान दिया जाए, पूर्व सैनिकों को नौकरियों में 10प्रतिशत आरक्षण "होरिज़ॉन्टल विद कम्पार्टमेंट" नियम अनुसार लागू हो। सभी जिलों में सैनिक हेल्पडेस्क स्थापित किए जाएँ, सरकारी स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हो। निजी व मिशनरी स्कूलों में फीस नियंत्रण हेतु विशेष समिति बने, संविदा व आउटसोर्स कर्मचारियों का नियमितीकरण हो। पात्र व.म्क./ठ.म्क. अतिथि शिक्षकों को गुरुजी की तर्ज पर नियमित किया जाए। ग्राम रोजगार सहायकों का संविलियन हो। बिजली विभाग के आउट सोर्स कर्मियों के 50 लाख का दुर्घटना बीमा दिया जाए, मीडिया कर्मियों के लिए राज्य व संभाग स्तरीय समितियाँ पुनर्गठित की जाएँ, बीमारी में आर्थिक सहायता मिले और झूठे मुकदमे वापस हों, पुलिस आरक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर 2400 ग्रेड पे लागू किया जाए। होमगार्ड्स को पुलिसकर्मियों के समान वेतन वभत्ते मिलें। बड़ी संख्या में पत्रकार बंधुओ की उपस्थिति हेतु सागर संभाग महामंत्री निहाल सिंह राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि सदैव इसी प्रकार आप सभी का सहयोग मिलता रहे।

## निरीक्षक धर्मेंद्र उपाध्याय ने हिंडोरिया थाना का पदभार संभाला

**हिण्डोरिया।** थाना हटा से स्थानांतरित होकर आए टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने सोमवार शाम 05 बजे अतिसंवेदनशील हिंडोरिया थाने का पदभार सम्हाल लिया है। ज्ञातव्य हो कि इसके पूर्व हिण्डोरिया थाना प्रभारी रहे धर्मेंद्र गुर्जर ने तबादला पश्चात थाना पटेरा की कमान सम्हाली। थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने हिंडोरिया थाना का पदभार सम्हालने के पहले प्रसिद्ध तीर्थ धाम बांदकपुर श्री जागेश्वर नाथ मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेकर हिंडोरिया थाने का पदभार सम्हाला। हिण्डोरिया आगमन पर पुलिस स्टाफ और नगर के लोगों द्वारा थाना प्रभारी श्री उपाध्याय का स्वागत किया गया । एवं थाना प्रभारी से क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब बिक्री जैसी अवैधानिक गतिविधियों को सुधारने एवं अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग की। वहीं थाना प्रभारी के द्वारा थाना क्षेत्र हिण्डोरिया के अलावा चौकी बांदकपुर एवं चौकी बिलाई में गैरकानूनी एवं गैर सामाजिक गतिविधियों को पनपने नही दिया जायेगा। श्री उपाध्याय ने कहा कि थाना क्षेत्र मे आमजन सहयोग एवं स्टाफ की मदद से कानून का राज स्थापित किया जायेगा। साथ ही अपराध एवं अपराधियों पर सख्त कानून सम्मत कार्यवाही की जायेगी। संभ्रातजन के अमन , शांति एवं सदभाव को क्षेत्र में और सशक्त किया जायेगा।



**कार्यालय नगर पलिका परिषद हटा जिला दमोह (म.प्र.)**

क्रं./लोक निर्माण/निविदा/2025/1341 हटा दिनांक-18/11/2025

**/ / निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हटा अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है । इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है ।

| क्र. | टेण्डर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_ 463481_1 19.11.2025 | निकाय क्षेत्रंतार्गत मृत मवेशी उठाये जाने का कार्य | 1 - 12 माह 2 - 3.00 लाख | 1- 2000.00 2- 3000.00 | 04/12/2025 |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
हटा, जिला दमोह

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
हटा, जिला दमोह